ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 11

Subject : Hindi Grammar 2nd Term Class : IIB Date : 31.08.2020

Topic : अपठित गद्यांश

सुहानी अपने स्कूल की होनहार छात्रा थी। उसकी अच्छी आदतों के कारण घर में सभी उसे प्यार करते थे। उसकी एक ही बुरी आदत थी कि वह अपना सामान ठीक जगह पर नहीं रखती थी। हर सुबह वह कोई-न कोई सामान ढूँढने में सबको परेशान करती थी। मम्मी रोज़ उसे प्यार से समझाती कि सामान सही जगह रखा करो पर वह अनसुना कर देती। एक दिन वह स्कूल से चहकती हुई आई तथा माँ से चित्रकला प्रतियोगिता के बारें में बताई। प्रतियोगिता के दिन उसे अपने रंगों का डिब्बा नहीं मिल रहा था। माँ ने किसी तरह उसे खोंज कर दिया तथा पाठशाला भेजा। सुहानी को प्रथम पुरस्कार मिला। वह उस दिन समझ गई कि यदि माँ ने रंगों का डिब्बा न खोंजा होता तो वह पुरस्कार न पाती। उसे अपने गलती का अहसास हो गया। वह अब अपना सामान सही जगह पर रखने लगी।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. सुहानी को सब प्यार क्यों करते थे?
उत्तर सुहानी एक होनहार छात्रा थी। उसकी अच्छी आदतों के लिए घर में उसे सभी प्यार करते थे।

2. सुहानी में क्या बुरी आदत थी?
उत्तर सुहानी में एक ही बुरी आदत थी कि वह अपना सामान ठीक जगह पर नहीं रखती थी।

3. सुहानी स्कूल से चहकती हुई क्यों आई?
उत्तर सुहानी स्कूल से चहकती हुई इसलिए आई क्योंकि पाठशाला में चित्रकला प्रतियोगिता थी।

4. प्रतियोगिता के दिन क्या हुआ?
उत्तर प्रतियोगिता के दिन सुहानी को अपने रंगों का डिब्बा नहीं मिल रहा था।

5. रंगों का डिब्बा किसने खोंजा?
उत्तर रंगों का डिब्बा माँ ने खोंजा।

6. गद्यांश से दो नाम शब्द छाँटे।
उत्तर सुहानी, स्कूल।

7. गद्यांश से विशेषण शब्द छाँटे तथा विशेष्य भी लिखे।
उत्तर होनहार छात्रा में होनहार विशेषण छात्रा विशेष्य।

8. ठीक मात्रा लगाकर प्रतयोगता का सही रूप लिखें।
उत्तर प्रतियोगिता।

9. 'मम्मी' शब्द का लिंग बदले।
उत्तर पापा।

10. प्रतियोगिता शब्द से वाक्य बनाए।
उत्तर मैं गीत प्रतियोगिता में प्रथम आया।

Sangeeta Khosla